# Uttarakhand Cooperative Institutional Service Board Dehradun

पत्रांक 157 **उत्तराखण्ड सहकारी संस्थागत सेवामण्डल देहरादून** दिनांक 13.03.2024

## प्रेस विज्ञप्ति

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सहकारी संस्थागत सेवा मण्डल देहरादून द्वारा बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आई0बी0पी0एस0) के माध्यम से प्रदेश के जिला सहकारी बैंकों में **वर्ग–3 (लिपिक/कैशियर) 162 पद, वर्ग–2 (कनिष्ठ शाखा प्रबन्धक) 54 पद, वर्ग–1 (वरिष्ठ शाखा प्रबन्धक) 09 पद तथा उत्तराखण्ड राज्य सहकारी बैंक में वर्ग–2 (सहायक प्रबन्धक) 06 पद, वर्ग–1 (प्रबन्धक) 02 पद, कुल 233 रिक्त पदों** पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सहकारिता विभाग की वेबसाइट **www.cooperative.uk.gov.in** पर **दिनांक 01.04.2024 से 30.4.2024** तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन के सम्बन्ध में प्रमुख तिथियां निम्नवत हैं–

| | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | 14.03.2024 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारम्भ होने की तिथि | 01.04.2024 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि | 30.04.2024 |
| ऑनलाइन आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि/अवधि | 07.05.2024 |

अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व सहकारिता विभाग की वेबसाइट **www.cooperative.uk.gov.in** पर प्रसारित विज्ञापन में वर्णित समस्त शर्तों/निर्देशों का भली–भाँति अवलोकन कर लें। परीक्षा की तिथि की सूचना यथासमय पृथक से सहकारिता विभाग की बेवसाइट, दैनिक समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति तथा अभ्यर्थियों को उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन–पत्र में दिये गये मोबाइल नम्बर पर एस0एम0एस0 तथा ई–मेल द्वारा भी उपलब्ध करायी जायेगी। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र सहकारिता विभाग की बेवासाइट से डाउनलोड कर सकेंगे। सहकारिता विभाग द्वारा डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किये जायेंगे। इसलिये अभ्यर्थी आवेदन पत्र में स्वंय का मोबाइल नम्बर व ई–मेल ही भरें। सहकारिता विभाग द्वारा सभी सूचनाएं अपनी बेवसाइट पर प्रसारित की जायेंगी। अतः आवश्यक है कि अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी यथा परीक्षा कार्यक्रम, प्रवेश पत्र जारी करना, अन्य संशोधनों आदि के लिए सहकारिता विभाग की बेवसाइट **www.cooperative.uk.gov.in** को समय–समय पर देखते रहें।

(आलोक कुमार पाण्डेय) I.A.S निबन्धक/अध्यक्ष,